जकुआर का देश का सबसे बड़ा ओरिएंटेशन सेंटर जयपुर में

150 करोड़ के निवेश बढ़ाएगी उत्पादन

डेली न्यूज, जयपुर। कंप्लीट बाथरूम सोल्यूशंस ग्रुप जकुआर जयपुर में देश का सबसे बड़ा ओरिएंटेशन सेंटर विकसित कर रही है। नौ मंजिला इस सेंटर में इस क्षेत्र से जुड़ी सोशियल एक्टिविटी का भी आयोजन किया जाएगा। यह बात बुधवार को जकुआर ग्रुप के प्रमोटर एवं डायरेक्टर राजेश मेहरा ने कहीं। इस समय ग्रुप के पास भारत में 22 ओरिएंटेशन सेंटर तथा सिंगापुर में एक ओरिएंटेशन सेंटर है।

ओरिएंटेशन सेंटर में आधुनिक बाथरूम कॉन्सेप्ट तथा उत्पाद प्रदर्शित होंगे और साथ ही विशेषज्ञ सलाह, इंस्टॉलेशन में मदद, निशुल्क एस्टीमेशन तथा लाइव डेमो जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मेहरा ने बताया कि कंपनी ने अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए भिवाड़ी संयंत्र में 150 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस निवेश के बाद कंपनी की उत्पादन क्षमता एक लाख बाथ फिटिंग प्रतिदिन होगी। कंपनी की देश में 4 यूनिट है, जिनमें से तीन राजस्थान में है। जकुआर ने कोरिया में बाथरूम्स उत्पाद बनाने वाली कंपनी और गुजरात में सेनेट्री वेयर कंपनी का अधिग्रहण किया है।